ABSTRON SANTRON
An ISO 9001 : 2015 Company
bhansali engineering polymers limited
CIN : L27100MH1984PLC032637
Registered Office : 401, 4th Floor, Peninsula Heights, C. D. Barfiwala Road, Andheri (West), Mumbai - 400 058.
Tel. : (91-22) 2621 6060/61/62/63/64 • Fax : (91-22) 2621 6077 • E-mail : abstron@bhansaliabs.com • Website : www.bhansaliabs.com

**BEPL/SEC/2021/52** **03rd May, 2021**

| To | To |
|---|---|
| **The BSE Limited**<br>Corporate Relationship Department<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street,<br>Mumbai - 400 001<br><br>Security Code: **500052** | **The National Stock Exchange of India Ltd.**<br>Exchange Plaza, C-1, Block G,<br>Bandra-Kurla Complex,<br>Bandra (E),<br>Mumbai - 400 051.<br><br>Security Code: **BEPL** |

**Sub: Press Release dated 02nd May 2021 – Contribution towards setting up 6 Oxygen Plants in Jalore and Sirohi District in Rajasthan.**

Dear Sir/Madam,

With reference to the subject matter, enclosed is a Press Release issued by the Company on the captioned subject wherein Shri. B.M. Bhansali, Managing Director of the Company has contributed Rs.2.15 Crores for setting up Six Oxygen Plants in Jalore and Sirohi District, Rajasthan.

You are requested to take the same on record and oblige.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Bhansali Engineering Polymers Limited**

ASHWIN MANILAL PATEL

Digitally signed by ASHWIN MANILAL PATEL
Date: 2021.05.03 11:51:32 +05'30'

**Ashwin M. Patel**
**Company Secretary & GM (Legal)**

Encl: As above

# भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लिमिटेड

**SP 138- 143, अंबाजी इंडस्ट्रियल एरिया, आबू रोड, राजस्थान - 307026**

**दिनांक – 02.05.2021**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर थमने का नाम नहीं ले रही है। राजस्थान पांच सबसे बुरी तरह प्रभावित राज्यों में से एक है जहां कोरोना संक्रमण के मामलो की वृद्धि दर अधिक है। जालोर- सिरोही जिलों के राजकीय अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी के कारण कोरोना संक्रमित पीड़ितो का बेहतर इलाज नहीं हो पा रहा है जिससे उन्हें विवश होकर पडोसी राज्य गुजरात के डीसा, पालनपुर व अहमदाबाद तक जाना पड़ रहा है, फिर भी उन्हें अस्पतालों में जगह नहीं मिलती है। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने भी स्थिति को अत्यंत गंभीर बताते हुए राज्य के सभी अस्पतालों में शीघ्र पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार से मांग की है।**

**ऑक्सीजन अभाव की विकट परिस्थिति को देखते हुए आबू रोड स्थित भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री बाबुलाल भंसाली ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय श्री अशोक जी गहलोत की प्रेरणा से जालोर एवं सिरोही जिले के राजकीय अस्पतालों में चल रहे कोविड केयर सेंटरों के लिए ऑक्सीजन प्लांट लगाने का निर्णय लिया है। जालोर जिले के सांचोर, भीनमाल एवं आहोर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 165 LPM क्षमता के ऑक्सीजन प्लांट एवं सिरोही जिला अस्पताल में 500 LPM क्षमता वाला एवं आबू रोड व शिवगंज राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 165 LPM क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट लगाये जायेँगे। उपरोक्त सभी 6 ऑक्सीजन प्लांटों की कुल लागत दो करोड़ पंद्रह लाख रुपए (2.15 Crore) मुख्यमंत्री कोविड-19 राहत कोष में भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लिमिटेड द्वारा जमा करा दिए है। ज़िला कलेक्टर जालोर एवं सिरोही का स्वीकृति पत्र संलग्न है।**

ई–मेल

# कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जालोर

क्रमांकः / कोरोना कोविड–19 / आ.प्र.एवं.सहा. / 2021 / 2866 दिनांकः– 02.05.2021

**श्री बाबूलाल भंसाली,**
**प्रबन्ध निदेशक,**
**भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लिमिटेड,**
**SP 138-143 अंबाजी इंडस्ट्रियल एरिया,**
**आबूरोड, राजस्थान–307027**

विषयः– जालोर जिले के राजकीय अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगाने बाबत्।

मान्यवर,

श्री अशोक गहलोत जी, माननीय मुख्यमंत्री, की प्रेरणा से आपसे हुई वार्ता के सन्दर्भ में लेख है, कि जालोर जिले में वर्तमान कोरोना (कोविड–19) संक्रमितों की संख्या में बढोतरी एवं जिले में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए आपने निम्न अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगाने की भावना व्यक्त की :–

1. राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांचोर जिला जालोर, 165 LPM क्षमता
2. राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीनमाल जिला जालोर, 165 LPM क्षमता
3. राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आहोर जिला जालोर, 165 LPM क्षमता

इन उपरोक्त 03 ऑक्सीजन प्लांट्स की अनुमानित लागत रूपये 01 करोड आप राजस्थान मुख्यमंत्री कोविड–19 राहत कोष में जमा करावे, जहां से यह राशि जिला प्रशासन को प्राप्त होते ही उपरोक्त सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगाने की सारी कार्यवाही की जाएगी। उपरोक्त सभी ऑक्सीजन प्लांट की कुल लागत 01 करोड रू. से ज्यादा होती है, तो उसे आप द्वारा वहन किया जायेगा और यदि कुल लागत 01 करोड रू. से कम आयेगी, तो यह राशि जिला प्रशासन द्वारा कोरोना महामारी संक्रमितों की सहायता में उपयोग की जाएगी।

(नम्रता वृष्णि)
जिला कलेक्टर
जालोर

# कार्यालय जिला कलक्टर, एवं जिला मजिस्ट्रेट सिरोही (राजस्थान)

क्रमांकः कोविड–19 / 2021 / 295 दिनांक:–02.05.2021

श्री बाबुलाल भंसाली,
प्रबंध निदेशक,
भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लिमिटेड
SP 138- 143, अंबाजी इंडस्ट्रियल एरिया,
आबू रोड, राजस्थान - 307026

विषय - सिरोही जिले के राजकीय अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगाने बाबत।

मान्यवर,

श्री अशोक गहलोत जी माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार की प्रेरणा से आप से हुई वार्ता के सन्दर्भ में लेख है कि सिरोही जिले में वर्तमान मे कोरोना (कोविड-19) संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी एवं जिले में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए आपने निम्न अस्पतालो में ऑक्सीजन प्लांट लगाने की भावना व्यक्त की -

1. राजकीय जिला स्वास्थ्य केन्द्र, सिरोही, (500 LPM क्षमता )
2. राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आबू रोड जिला सिरोही,(165 LPM क्षमता )
3. राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शिवगंज जिला सिरोही,(165 LPM क्षमता )

इन उपरोक्त 3 ऑक्सीजन प्लांटों की अनुमानित लागत 1.15 करोड़ रूपये आप राजस्थान मुख्यमंत्री कोविड-19 राहत कोष में जमा करावें जहां से यह राशि जिला प्रशासन को प्राप्त होते ही उपरोक्त सभी अस्पतालो में ऑक्सीजन प्लांट लगाने की कार्यवाही की जाएगी। उपरोक्त सभी ऑक्सीजन प्लांट की कुल लागत 1.15 करोड़ रूपये से ज्यादा होती है, तो उसे आप द्वारा वहन किया जायेगा और यदि कुल लागत 1.15 करोड़ रूपये से कम होती हैं, तो शेष राशि जिला प्रशासन द्वारा कोरोना महामारी संक्रमितों की सहायता में उपयोग मे ली जाएगी।

(भगवती प्रसाद )
जिला कलक्टर सिरोही